

4 गुरु हरगोबिंद साहेब के प्रकाश पर्व पर चिकित्सा शिविर हुआ



2 धड़ल्ले से हो रही गौ तस्करी, तस्कर ...

# सड़क सुरक्षा, नशा मुक्ति व नवीन कानून के क्रियान्वयन पर की गई समन्वय बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

कलेक्ट्रेट के दृष्टि सभाकक्ष में नारको को-ऑर्डिनेशन , सड़क सुरक्षा, नशा मुक्त भारत अभियान, पशु क्रूरता निवारण तथा नवीन कानूनों के क्रियान्वयन को लेकर एक महत्वपूर्ण समन्वय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पिछले माह मई में हुई बैठक के बिंदुओं और सुझावों की प्रगति की समीक्षा की गई तथा आगामी रणनीतियों पर चर्चा हुई। पुलिस अधीक्षक ने नशीले पदार्थों के बढ़ते प्रचलन पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि युवाओं का भविष्य नशे की गिरफ्त में जा रहा है, जिसे रोकने के लिए पुलिस व प्रशासन द्वारा ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिले में नशीले पदार्थों के खिलाफ एक संगठित व समर्पित प्रयास की आवश्यकता है। अब तक नशे के कारोबार से जुड़े कुछ व्यक्तियों पर कार्रवाई की गई है तथा मादक पदार्थ भी जब्त किए गए हैं। एस पी साहू ने स्कूलों व कॉलेजों में नशा विरोधी जागरूकता अभियान चलाने पर बल दिया। समाज कल्याण विभाग को प्रचार-प्रसार के माध्यम से समाज में जागरूकता फैलाने के लिए विशेष कार्यक्रम बनाने के निर्देश दिए गए। नवीन कानूनों के क्रियान्वयन पर भी विस्तार से चर्चा हुई। आबकारी विभाग और नगरपालिका अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सड़क किनारे अव्यवस्थित रूप से खड़े ठेले-गुमटियों को व्यवस्थित करें और उल्लंघन की स्थिति में आवश्यक कार्रवाई करें। सार्वजनिक स्थानों पर शराब सेवन करने वालों के विरुद्ध भी सख्ती से कार्रवाई करने कहा ।

### स्वास्थ्य जीवन के लिए नशे से दूर रहें



सड़क सुरक्षा के संदर्भ में जिला परिवहन अधिकारी अरविंद भगत ने बताया कि जिले में राष्ट्रीय राजमार्गों और बेरला क्षेत्र में दुर्घटनाओं की संख्या अधिक है। इन क्षेत्रों में ब्लैक स्पॉट चिन्हांकित कर आवश्यक सुरक्षा उपाय, जैसे स्पीड ब्रेकर, संकेतक बोर्ड आदि लगाए गए हैं। कलेक्ट्रेट के सामने सड़क सुरक्षा को लेकर स्पीड लिमिट बोर्ड, डिवाइडर तथा मस्ट लाइट की व्यवस्था हेतु राष्ट्रीय राजमार्ग को पत्राचार करने की बात कही गई। पशु क्रूरता पर चर्चा के दौरान यह मुद्दा सामने आया कि कुछ लोग पशुओं को एकत्र कर बध हेतु अन्य स्थानों पर बेचते हैं। इस पर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि गश्त के दौरान ऐसी गतिविधियों पर कार्रवाई की गई है, और यदि समय पर जानकारी मिलती है तो संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। बैठक में अपर कलेक्टर अनिल बाजपेयी, पुलिस, स्वास्थ्य, शिक्षा, समाज कल्याण, आबकारी विभाग सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### चंडी मंदिर चौक में बेच रहा था गांजा, गिरफ्तार

**भिलाई।** दुर्ग कोतवाली थाना अंतर्गत चंडी चौक मठपारा में गांजा बेचते दिनेश सारथी (45 वर्ष) को पुलिस ने पकड़ा। उसके विरुद्ध नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि घटना स्थल पर दिनेश गांजा बेच रहा है। इसके बाद पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ा। उसके पास से 01.80 किलोग्राम गांजा कीमत करीब 8400 रुपए जब्त की गई। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे 14 दिनों की न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

### ट्रांसपोर्ट नगर में हेरोइन के साथ युवक पकड़ाया

**भिलाई।** खुर्सीपार पुलिस ने गुरुवार तड़के हेरोइन के साथ इंदिरा चौक निवासी दीपक पिता मन्नुराम शाह (35 वर्ष) को गिरफ्तार किया। उसके पास से 5.30 ग्राम हेरोइन जब्त किया गया। पुलिस को सूचना मिली थी कि लाल टी शर्ट और बरमुड़ा पहने एक युवक सिद्धी बैटरी दुकान के सामने नहर किनारे ट्रांसपोर्ट नगर जाने वाली रोड पर नशीला चिट्टा बेच रहा है। सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ा। उसके विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिमक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

### टूर एंड ट्रेवल की फ्रेंचाइसी दिलाने के नाम पर 45 लाख की ठगी

**भिलाई।** स्मृतिनगर पुलिस चौकी अंतर्गत नेहरूनगर निवासी टीवी जय प्रदीप पिता आरटी पनिकर (49 वर्ष) से टूर एंड ट्रेवल की फ्रेंचाइसी दिलाने, ज्यादा लाभांश दिलाने का झांसा देकर 45 लाख रुपए की ठगी का मामला प्रकाश में आया है। मामले में पुलिस ने रामदास नगर कडलू कसरगोड़ निवासी नागेश पिता जर्नादन (52 वर्ष) और उसकी पत्नी आरती को गिरफ्तार किया है। उनके विरुद्ध एक अपराध बालोद और एक बेंगलुरू कर्नाटक में भी दर्ज है। पुलिस ने बताया कि मामले में जय प्रदीप ने 6 सितंबर 2022 को घटना की जानकारी दी थी। उसने बताया था कि लेट्स ट्रेवल फ्री के नाम से आफिस सूर्या माल जुनवानी में संचालित था। इसके संचालक नागेश कुमार एवं आरती ने लोगो को टूर एण्ड ट्रेवल के नाम एवं फेंचाईसी के साथ अन्य स्कीम बताकर ज्यादा लाभांश का लालच दिया। प्रलोभन देकर योजनाबद्ध तरीके से 45 लाख रुपए ले लिए। आरोपियों ने रामकिशोर सिंह से 10.40 लाख, इन्द्रजीत कौर से 80 लाख, विवेक विश्वकर्मा से 10.40 लाख, इन्द्रजीत गुलाटी से 2 लाख सहित अन्य लोगों पैसे लेकर धोखाधड़ी की। दोनों के एक अन्य मामले में बालोद जिले में निरुद्ध होने की जानकारी के बाद उन्हें दुर्ग लाया गया।

## विज्ञापित नियमों को ताक में रखकर की गई थी सहायक ग्रेड 03 की नियुक्ति

# सहायक ग्रेड 3 की नियुक्ति में गड़बड़ी जिपं जांच प्रतिवेदन ही जांच के दायरे में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| देवकर

जिला ग्रामीण विकास अभिकरण जिला बेमेतरा द्वारा विभिन्न पदों पर संविदा नियुक्ति हेतु विज्ञापन क्रमांक 878/ 11 सितंबर 2012 में विज्ञापित किया गया था जिसमें डाटा एंट्री ऑपरेटर एवं सहायक ग्रेड 03 की अलग अलग पद वेतनमान योग्यता कंडिका क्रमांक 04 में विज्ञापित था साथ ही विज्ञापित नियम में चयन प्रक्रिया के लिए अनुभव में लाभ के लिए पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग में समान पद पर कार्य अनुभव पर न्यूनतम 05 से 15 अंक लाभ दिए जाने का स्पष्ट उल्लेख है गोविंद नामदेव ने सहायक ग्रेड 03 के लिए आवेदन किया था विज्ञापित नियमों के अनुसार अनुभव का 15 अंक लाभ सहायक ग्रेड 03 के रूप में कार्य अनुभव का मिलना था लेकिन विज्ञापित नियमों के विपरित डाटा एंट्री ऑपरेटर के कार्य अनुभव का लाभ अभ्यर्थी गोविंद नामदेव को अनुचित तरीके से दिया गया है जो स्पष्ट रूप से दिख रहा है कि चयनकर्ताओं ने अभ्यर्थी गोविंद नामदेव को अनुचित तरीके नियुक्ति लाभ प्रदान किया है शिकायतकर्ता नारद सिंह राजपूत ने अपने शिकायत पत्र में स्पष्ट उल्लेख किया है फिर जांच अधिकारी श्री नकुल वर्मा और श्री ओम प्रकाश राजपूत ने शिकायत के मूल भाव से गोविंद नामदेव को यह कहकर बचाने का प्रयास किया कि डाटा एंट्री ऑपरेटर के पद पर रहते हुए लिपिकीय कार्य करने का अनुभव गोविंद नामदेव को है जनपद पंचायत नवागढ़ में गोविंद नामदेव की संविदा नियुक्ति डाटा एंट्री ऑपरेटर के पद पर हुई थी न कि सहायक ग्रेड 03 के पद पर यदि सीईओ जनपद पंचायत नवागढ़ ने गोविंद नामदेव को सहायक ग्रेड 03 का अनुभव लिख कर दिए हैं वो भी अनुचित है जो व्यक्ति जिस पद पर कार्यरत था उसी का अनुभव प्रमाण पत्र मिल सकता है न कि सहायक ग्रेड 03 का ऐसे में जांच अधिकारियों के जांच प्रतिवेदन पर सवालिया निशान लगना लाजिमी है





### जांच कर कार्रवाई की जाएगी

इस संबंध में मुझे मीडिया के माध्यम से जानकारी प्राप्त हो रही है पुरानी शिकायत पर क्या जांच हुई ये मुझे पता नहीं है यदि मेरे पास शिकायत आएगी तो इस पर जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

**- टेकचंद अग्रवाल सीईओ जिला पंचायत बेमेतरा**

# नए शिक्षा सत्र से पूर्व शैक्षिक समन्वयकों की हुई बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम हाई स्कूल सिंघौरी में विकासखंड स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित किया गया।जिसमें बीईओ अरुण खरे , राजेंद्र साहू बीआरसी, भूपेंद्र साहू की मौजूदगी में से बैठक हुई। बैठक के दौरान कई एजेंडा पर गहन चर्चा किया गया।जिसमें मुख्य रूप से शाला का रंग रोगन एवं आवश्यक मरम्मत कार्य पूर्ण किया जावे। मध्याह्न भोजन संचालन पूर्व रसोई कक्ष की साफ सफाई , पुराने रखे खाद्य सामग्री का उपयोग न किया जावे। यह सुनिश्चित हो कि गुणवत्तापूर्ण भोजन नियमित रूप से प्रदान किया जावे। निःशुल्क पाठयपुस्तक प्राप्ति उपरांत स्कैनिंग करके , प्रथम 10 पेज में शाला का सील लगा कर ही वितरित किया जावे। प्रत्येक स्कूल में समय सारणी, शिक्षक डायरी, पाठकान HM द्वारा प्रमाणित किया जावे। अवकाश ऑनलाइन लिया जावे ,जिसे संस्था प्रमुख को अनिवार्य रूप से अग्रेषित करें।यू डाइस प्रोग्रेशन कार्य शत प्रतिशत पूर्ण किया जावे।अपार आई डी जिन बच्चों का शेष है उसे पूर्ण करना। एक पेड़ मां के नाम के तहत पंजीयन एवं वृक्षारोपण किया जावे।

जाति,निवास ,आय प्रमाण पत्र तैयार किया जावे।प्रवेश उत्सव शाला , संकुल व विकासखंड स्तर पर आयोजित किया जावे।अन्य बिंदुओं के संबंध में पृथक से जानकारी दी जाएगी। इस दौरान विकासखंड के सभी संकुल के समन्वयक की उपस्थिति रही।

# मुरता को आदर्श ग्राम बनाने के लिए ग्रामीणों ने बनाए कठोर नियम



**नवागढ़।** जनपद नवागढ़ के ग्राम पंचायत मुरता ने एक साहसिक एवं अनुकरणीय पहल करते हुए नशा, जुआ, छेड़छाड़ और सामाजिक अव्यवस्था के खिलाफ सख्त कदम उठाए हैं।

पंचायत द्वारा जारी किए गए फरमान के तहत अब गांव में गुटखा, गांजा, दारू और अन्य नशीले पदार्थों की बिक्री व सेवन पर भारी जुर्माना लगाया जाएगा। इसके साथ ही शिकायतकर्ता को नकद इनाम देने का भी प्रावधान किया गया है। पंचायत ने इस संबंध में एक औपचारिक पत्र थाना प्रभारी को सौंपा, जिसमें नियमों की प्रति संलग्न कर उनके क्रियान्वयन में सहयोग की अपील की गई है। पत्र सौंपते वक्त गांव के पंच, सरपंच और गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

### गांव का संकल्प-नशा मुक्त मुरता

सरपंच बुधारु गेंदले एवं उपसरपंच इन्दरमन साहू सहित पंचायत प्रतिनिधियों ने साफ कहा कि यह निर्णय गांव के भविष्य को सुरक्षित और शांतिपूर्ण बनाने की दिशा में एक ठोस कदम है। नशे के कारण गांव में युवाओं का भविष्य अंधकारमय हो रहा था, वहीं महिलाओं की सुरक्षा भी खतरे में पड़ रही थी। अब इन सख्त नियमों के जरिए पंचायत ने कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने की जिम्मेदारी खुद उठाई है। गांव के वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं और युवाओं ने पंचायत के इस कदम का जोरदार समर्थन किया है। लोगों का कहना है कि यदि यह नियम कड़ाई से लागू किए जाएं, तो मुरता छत्तीसगढ़ के लिए एक आदर्श गांव बन सकता है। ग्राम पंचायत मुरता का यह निर्णय उन तमाम गांवों के लिए प्रेरणास्रोत है, जो नशे, जुए और सामाजिक कुरीतियों से जूझ रहे हैं।

## भौतिक युग में जीव के लिए भागवत कथा एकमात्र विश्राम स्थल :पं. योगेश तिवारी

**बेरला।** ब्लॉक बेरला क्षेत्र में आने वाले ग्राम तेलगा में जारी श्री मद् भागवत कथा ज्ञानयज्ञ के अंतर्गत पं. योगेश (युगल) तिवारी ने कहा समग्र मनुष्य जीवन का सबसे महान सत्कर्म श्री मद भागवत कथा का श्रवण व चिंतन है। श्री मद भागवत कथा एक कल्पवृक्ष मोक्षदायिनी है। यह हमें सत्य से परिचय कराता है। इस भौतिक युग में कथा ही जीव के लिए एकमात्र विश्रामस्थल है। हर जीव इस संसार में परीक्षित है जो अपनी माँ के गर्भ में निरंतर भगवान का दर्शन पाकर इस संसार में जन्म लेता है। लेकिन वह जन्म लेते ही उस परम सत्ता से अपना सम्बन्ध भुलाकर नश्वर संसार को ही अपना मान लेता है। एक दिन हमें भी कालरूपी सर्प डस लेगा, जिस प्रकार राजा परीक्षित को तक्षक सर्प ने डसा इस बीच उन्हें श्री शुकदेव की कृपा प्राप्त हुई और उन्होने राजा परीक्षित को मोक्ष शास्त्र अर्थात भागवत की कथा सुनाई। महराज जी ने कहा इस संसार में में मृत्यु ही अंतिम सत्य है। भागवत में इसी सत्य से अवगत कराकर, उसके भय से मुक्त कराया जाता है। शास्त्रों के अनुसार पूरे संसार में सबसे दुर्लभ तत्व अमृत की भी भगवान के कथामृत से तुलना नहीं की जा सकती। क्योंकि स्वर्ग का अमृत भोग पुण्यों को घटाने वाला होता हैं और कथामृत का सादर सेवन पापों को मिटाकर दुर्लभ मोक्ष पद दिलाने वाला होता है। आज पावन कथा में रास- उत्सव, गोपी- उद्धव प्रसंग, रुक्मणि विवाह की कथा होगी। बता दें कि कथा का आयोजन 7 जून से 15 जून तक प्रतिदिन दोपहर 2:30 बजे से शाम 6:30 बजे के मध्य जारी है।



# वृद्धा आश्रम के सामने खुलेगी प्रीमियम शराब दुकान, कांग्रेस ने किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने सौंपा ज्ञापन



शहर के वार्ड क्रमांक 9 एवं 10 के बीच वृद्धा आश्रम के सामने खोली जा रही प्रीमियम शराब दुकान के खिलाफ कांग्रेस ने मोर्चा खोल दिया है। इसी क्रम में शुक्रवार को पूर्व विधायक एवं जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आशीष छाबड़ा ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर शराब दुकान को अन्यत्र स्थानांतरित करने की मांग की। छाबड़ा ने ज्ञापन में उल्लेख किया कि उक्त स्थान के आसपास शासकीय पीजी कॉलेज, जिला कलेक्ट्रेट, निजी स्कूल और आगामी जिला न्यायालय परिसर स्थित हैं, जिससे विद्यार्थियों और आमजनों पर प्रतिकूल असर पड़ेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा जनप्रतिनिधियों के इशारे पर यह दुकान स्थापित की जा रही है जिससे विशेष लाभ पहुंचाया जा सके। जनसमूह को संबोधित करते हुए छाबड़ा ने कहा कि भाजपा सरकार का उद्देश्य प्रदेश को नशे में डुबाना है। स्कूल बंद हो रहे हैं और शराब दुकानें बढ़ रही हैं। यह प्रदेश के लिए दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है।

पूर्व विधायक ने आरोप लगाया कि भाजपा का चरित्र दोहरा है— कहते कुछ हैं, करते कुछ और हैं। प्रदेश भर में अराजकता की स्थिति है और कांग्रेस को अब स्कूल बचाने और शराब दुकान हटाने जैसे मुद्दों पर भी आंदोलन करना पड़ रहा है।

इस अवसर पर ललित विश्वकर्मा, मनोज शर्मा, जोगेन्द्र छाबड़ा, अखिलेश मिनटा, पार्षद नीलिमा टंडन (वार्ड 9), नामदेव (वार्ड 10), दिनेश पटेल, रश्मि मिश्रा, रीता पांडेय, रूबी सलूजा, राघवेंद्र मनु, रित्विक तिवारी, भानु गोस्वामी, रवि गुप्ता, आर्यन राजा, सचिन टीकरिहा, नरेन्द्र राजपूत, अशोक निषाद, कुंदन कुमार, जय तिवारी, पूनम तिवारी, सुनिता टीकरिहा, सुशीला मनहरे सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे ।

## वैज्ञानिक कृषि तकनीकों की जानकारी देने और जैविक एवं प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने पर जोर

# विकसित कृषि संकल्प अभियान में 84 कलस्टरों के किसानों से प्रत्यक्ष संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



जिले में कृषि के सतत विकास और किसानों की आय बढ़ाने की दिशा में चलाया गया 15 दिवसीय विकसित कृषि संकल्प अभियान 12 जून सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह अभियान 29 मई से प्रारंभ होकर जिले के चयनित 84 क्लस्टर गांवों में संचालित किया गया। समापन दिवस पर कृषि वैज्ञानिकों एवं अधिकारियों की टीम ग्राम ठेलका, बेलतरा, बावामोहतरा, बिलई, नेवनारा एवं पिरदा पहुँची और किसानों से प्रत्यक्ष संवाद किया।

इस अभियान का उद्देश्य किसानों को खरीफ सीजन के लिए वैज्ञानिक कृषि तकनीकों की जानकारी देना, जैविक एवं प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना, मृदा स्वास्थ्य कार्ड के अनुसार उर्वरक उपयोग की जागरूकता बढ़ाना, आधुनिक कृषि यंत्रों एवं ड्रोन तकनीक का प्रदर्शन करना तथा फसल बीमा, जल संरक्षण, बीज उपचार एवं फसल चक्र परिवर्तन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन देना रहा। इस व्यापक अभियान के सफल संचालन में कृषि विभाग, कृषि विज्ञान केन्द्र, राष्ट्रीय जैविक स्ट्रेस प्रबंधन संस्थान, उद्यानिकी महाविद्यालय, पशुपालन, उद्यानिकी एवं मछली पालन विभाग, साथ ही फसल बीमा क्रियान्वयन संस्था बजाज एलियांस, साजा किसान उत्पादक संगठन, इफको तथा पंचायत विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका रही। अभियान के दौरान कृषि वैज्ञानिकों एवं अधिकारियों ने 4000 से अधिक किसानों से कृषक-वैज्ञानिक परिचर्चा, तकनीकी प्रदर्शन एवं गोष्ठियों के माध्यम से सीधा संवाद स्थापित किया। किसानों की समस्याओं, नवाचारों और तकनीकी आवश्यकताओं को जानने के साथ ही उनके समाधान पर भी सुझाव दिए गए। कृषि विज्ञान केन्द्र, बेमेतरा के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख तोषण कुमार ठाकुर ने बताया कि अभियान में प्राप्त अनुभवों के आधार पर वैज्ञानिकों की टीम द्वारा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली को प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया है, जिसमें किसानों के ज्ञान में अंतर, नीतिगत सुधार के सुझाव तथा अनुसंधान योग्य विषयों की पहचान शामिल है। यह प्रतिवेदन आने वाले समय में खरीफ, रबी एवं ग्रीष्मकालीन फसलों के बेहतर प्रबंधन एवं जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए कृषि अनुसंधान एवं नीति निर्माण में सहायक होगा।

### अभियान में भागीदारी

अभियान में उपसंचालक कृषि मोरध्वज डडसेना, कृषि वैज्ञानिक डॉ. विनय कुमार, डॉ. ललित खरबीकर, डॉ. जी. पी. आयम, डॉ. जितेन्द्र जोशी, डॉ. लव कुमार, डोमन सिंह टेकाम, सुश्री मनिषा कश्यप, सुश्री पुष्पांजली पंकज, सहायक संचालक जितेन्द्र ठाकुर तथा डॉ. श्याम लाल साहू, डॉ. हेमंत, डॉ. अभिषेक, डॉ. अनिल शुक्ला, राकेश चतुर्वेदी, देवानंद देवांगन, दिनेश कुमार ध्रुव, व्ही. के. टंडन, सुमन चंद्रवंशी, प्रियंका साहू, सचिन साहू, शिशिर ठाकुर, बुधराम गुलेरी, शिवकुमार डहरे, शिवम सिंह, चितरेन वर्मा, तुकेश निषाद, वेदराम पटेल, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारीगण, एवं प्रगतिशील कृषक रोहित पटेल, खेदूराम बंजारे व मोहित पटेल की भागीदारी रही।

# मोहभट्ठा में किसान मेला व संगोष्ठी का आयोजन



**बेरला।** विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत सेवा सहकारी समिति मोहभट्ठा में किसान मेला संगोष्ठी में शामिल हुआ। जहाँ कृषि वैज्ञानिक, कृषि और उद्यान अधिकारी, इफको अधिकारी, पशु विशेषज्ञ, मत्स्य विशेषज्ञ के द्वारा किसानों को खरीफ फसलों की नई तकनीक और किस्मो की जानकारी सरकारी योजनाओं से अवगत वैज्ञानिक समय पर बुवाई प्रमाणित बीज का पहचान व उपयोग बीजोपचार, मिट्टी की जांच, ड्रिप सिंचाई तथा वर्तमान में किसानों को जो दिक्कत सामना करना पड़ रहा है।पशु, कृषि, उद्यानिकी उन सारी समस्याओं पर चर्चा कर समाधान विशेषज्ञ के द्वारा बतलाया गया। इस अवसर पर समिति प्रबंधक पवन निषाद, प्राधिकृत अध्यक्ष सुनील सिंह राजपूत, बेरला जनपद सदस्य नीरज सिंह राजपूत, वरिष्ठ कृषि अधिकारी बेरला देवानंद देवांगन, कर्मचारीगण ग्रामीण विस्तार अधिकारी, कृषि सेवा मित्र परपोड़ा पूर्व सरपंच सहित किसान बंधु उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### पुनाराम ने समझा मवेशियों का दर्द

**कवर्धा।** । वैसे तो शिक्षक पूनाराम पनागर अपने स्तर पर देश व समाज के लिए नित्य नवीन कार्य करते ही रहते हैं। पुलवामा में शहीद हुए परिवारों के लिए 1 महीने का वेतन देना, निःशुल्क ट्यूशन जिसके लिए मुख्यमंत्री के द्वारा सम्मानित किया जाना। हर साल कैरियर गाइडेंस व छात्र सम्मान कार्यक्रम आयोजित करना, गौरैया चिड़ियों के लिए घर को पक्षी घर बनाना, छत्तीसगढ़ के पारंपरिक खेल गेंडी को बढ़ाना देना और राज्य स्तर पर जीत कर जिले का नाम गौरवान्वित करना उनकी उपलब्धियों में शामिल हैं। इसी कड़ी में अब श्री पनागर ने नगर के सब्जी बाजार में आवारा मवेशियों को भगाने के लिए की जाने वाली लाठी पर रोक लगाने और इसकी पीड़ा से मवेशियों को बचाने सब्जी बेचने वालों को पिचकारी (स्प्रे) भेंट किया है। जिसके उपयोग से सब्जी विक्रेता बिना किसी नुकसान के मवेशियों को भगा सकते हैं। निश्चित रूप से श्री पनागर की यह सोच व प्रयास सराहनीय है।

### 8 लाख की आर्थिक सहायता मंजूर

**कवर्धा।** कलेक्टर ने राजस्व पुस्तक परिपत्र छह-चार के तहत दो विपत्तिग्रस्त परिवारों को चार-चार लाख रूपए की मान से 08 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि की स्वीकृत दी है। इसके तहत पंडरिया अनुविभाग अंतर्गत ग्राम नवागांव टिकैट निवासी नव्या की तालाब में डूबने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त चंद्राकर धुर्वे को, ग्राम नवागांव टिकैट निवासी देवांश की डूबने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त चंदन को राजस्व पुस्तक परिपत्र छह-चार के तहत चार-चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता की मंजूरी दी गई है।

### नाली में गिर रही मिट्टी

**चिचोला।** नाली में लगातार मिट्टी गिर रही है जिससे आने वाले दिनों पानी निकासी में समस्या आ सकती है। खातूटाला बैराज से पानी निकासी और किसानों की सुविधा के लिए नाली का इस साल कांक्रीट किया गया है किन्तु नाली में लगातार मिट्टी गिर रही है। किसानों ने बताया कि मिट्टी गिरने से पानी निकासी में दिक्कत आ सकती है।

सिर्फ ग्रामीणों और गौ रक्षकों की सूचना पर हो रही कामचलाऊ कार्रवाई, तस्करी में बड़े गिरोह सक्रिय होने की आशंका

# धड़ल्ले से हो रही गौ तस्करी, तस्कर बचने के लिए ले रहे फर्जी रसीदों का सहारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

कबीरधाम जिले में बीते कुछ महिनो से बड़े ही सुनियोजित ढंग से गौ तस्करी को अंजाम दिया जा रहा है। लेकिन हैरानी की बात तो यह है कि इस मामले को न तो पुलिस प्रशासन गंभीरता से ले रहा है और न ही प्रदेश की भाजपा सरकार इस पर संज्ञान ले रही है। जिसे देखकर ऐसा लगता है कि इसमें गौ तस्करों के साथ ही कई सफेदपोश भी शामिल है जो गौतस्करों को न सिर्फ खुला संरक्षण व सहयोग दे रहे हैं बल्कि इस गौरख धंधे से अपनी हंथेली भी गरम कर रहे हैं। इस बेहद गंभीर और सनसनीखेज मामले को लेकर कुछ हिन्दू संगठन जरूर सक्रिय हैं लेकिन आरोप है कि उन्हें भी पुलिस और सरकार का वैसा सहयोग नहीं मिल पा रहा है जैसा की मिलना चाहिए। बताया जाता है कि इन संगठनो द्वारा अपनी जान जोखिम में डालकर गौ तस्करों को पकड़ा जाता है और पुलिस प्रशासन को इसकी सूचना भी दी जाती है अथवा आरोपियों को संबंधित पुलिस थाना तक पहुंचाया जाता है लेकिन आरोप है कि इन मवेशी तस्करों को कुछ देर बाद ही छोड़ दिया जाता है और वे फिर अपने काम में जुट जाते हैं। सूत्रों की माने तो खुलेआम हो रही गौ तस्करी के खिलाफ गौ रक्षकों द्वारा लगातार आवाज उठाए जाने और उनकी धरपकड़ के बाद अब तस्करों ने मवेशियों की खरीदी-बिक्री को वैध दिखाने और बताने के लिए नया हथकंडा अपना लिया है। सूत्रों ने बताया कि इन गौ तस्करों द्वारा कवर्धा नगर पालिका अथवा जिले की ग्राम पंचायतों की फर्जी मवेशी बिक्री रसीद का उपयोग गौ तस्करी में किया जा रहा है। ताकि गौ तस्करी के दौरान अगर तस्कर गौ सेवकों के माध्यम से पकड़े जाते हैं और उन्हें पुलिस के हवाले किया जाता है तो वे नगर पालिका अथवा ग्राम पंचायत की इस फर्जी मवेशी खरीदी-बिक्री रसीद को दिखाकर पाक साफ ढंग से बच सकें। हालांकि सूत्रों का यह भी आरोप है कि गौ तस्करों को सिर्फ गौ रक्षकों से ही खतरा है इसके अलावा न तो जिले के पुलिस प्रशासन की इसमें कोई रोकटोक है और न ही शासन-प्रशासन इस पर कोई कार्यवाही कर रहा है। इसकी पुष्टी इस बात से भी होती है कि जिले में कवर्धा नगर पालिका तथा ग्राम पंचायतों के नाम से छपी फर्जी मवेशी बिक्री रसीद का धड़ल्ले से दुरूपयोग हो रहा है। लेकिन इसकी भनक न तो नगर पालिका प्रशासन को है और न ही सनातन का चोला ओड़कर धर्म के ठेकेदार बने बैठे सत्तारूढ़ दल के नेताओं और जनप्रतिनिधियों को इसकी जानकारी है। या फिर ऐसा भी हो सकता है कि इन्हें पता तो सब कुछ है लेकिन सत्ता सरकार के ये सफेदपोश गंधारी की भूमिका निभा रहे हैं।

### जिले से दूसरे राज्यों में भेजे जा रहे हैं मवेशी



सूत्रों ने बताया कि कबीरधाम जिले में गौ तस्करी का खेल बेहद सातिर और सुनियोजित ढंग से किया जा रहा है। जिसमें कबीरधाम जिले के साथ पड़ोसी राज्य मध्यप्रदेश सहित अन्य दूसरे राज्यों के तस्कर भी संलिप्त है। जो सबसे पहले जिले के गांव-गांव में बेहद गोपनीय ढंग से रैकी करते हैं और इस बात की जानकारी जुटाते हैं कि कौन मवेशी पालक अपने मवेशियों को बेंच रहा है। बिक्री योग्य मवेशियों की जानकारी होने के बाद मवेशी पालकों से संपर्क किया जाता है और सुनियोगित ढंग से उनसे मवेशियों का सौदा किया जाता है। मवेशियों का सौदा होने के बाद मुख्य कार्य इन खरीदे गए मवेशियों को जिले की सीमा से बाहर ले जाना होता है। जिसके लिए इनके द्वारा कवर्धा नगर पालिका अथवा ग्राम पंचायत के अधीन संचालित मवेशी बाजार की फर्जी मवेशी बिक्री रसीद का सहारा लिया जाता है और इस फर्जी रसीद के सहारे तस्कर बड़ी आसानी तथा बेखौफ ढंग से मवेशियों की खेप को जिले से बाहर ले जा रहे हैं। इस दौरान अगर वे पकड़े भी जाते हैं तो मवेशी खरीदी बिक्री की फर्जी रसीद के जरिए ये बच निकलते हैं। इसकी जांच की मांग की गई है।

### शहरों व गांवों से गायब हो रहे आवारा मवेशी

लोगों का तो यह भी अनुमान और आरोप है कि जिला मुख्यालय कवर्धा सहित जिले के दूसरे नगरों व ग्रामीण अंचलों में पूर्व में विचरण करने वाले कई आवारा मवेशी अचानक गायब हो गए है। ऐसी ही स्थिति जिला मुख्यालय कवर्धा में भी देखने को मिल रही है। एक समय था जब जिला मुख्यालय कवर्धा में आवारा मवेशियों की भरमार थी और शहर के प्रायः हर कोने में आवारा मवेशी नजर आते थे लेकिन अब अचानक इनकी संख्या कम होती चली जा रही है जबकि इन आवारा मवेशियों को न तो कांजी हाऊस भेजा गया है और न ही गौ शाला। ऐसे में बड़ा सवाल यही उठता है कि आखिर ये आवारा मवेशी जा कहा रहे हैं। आशंका जताई जा रही है कि इन मवेशियों को भी सुनियोजित ढंग से तस्कर पार लगाने में जुटे हुए हैं।

### पांच दिन पहले तरेगांव जंगल में तस्करों से जप्त किए गए थे 60 मवेशी

यहां बताना लाजिमी होगा कि अभी पांच दिन पूर्व ही तरेगांव जंगल में भी पुलिस ने ग्रामीणों की सूचना पर आधा दर्जन मवेशी तस्करों को दबोचा था और इनके कब्जे से 60 नग मवेशी बरामद किए गए थे। लेकिन आरोप है कि पुलिस की यह कार्यवाही न काफी है। इस दिशा में शासन प्रशासन को गौवंशी की रक्षा के लिए अभियान चलाकर कार्यवाही करने की जरूरत है।

### गौ रक्षकों की सक्रियता से दबोचे गए आधा दर्जन तस्कर

इसी कड़ी में बीते गुरूवार को गोकुल वर्मा पिता ब्यास नारायण वर्मा आयु 20 वर्ष निवासी ग्राम सूखाताल, थाना कवर्धा, जिला कबीरधाम द्वारा थाना भोरमदेव में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि ग्राम राजानवागांव, भोरमदेव रोड पर कुछ व्यक्तियों द्वारा 04 नग बछड़ों को अमानवीय एवं निर्दयी तरीके से मारते-पीटते हुए भूखे-प्यासे हालत में भोरमदेव की ओर ले जाया जा रहा है। प्राप्त सूचना के आधार पर प्रार्थी तथा गौ रक्षक दल के सदस्य हरीश पाली, पुष्कर शुक्ला, शिवा पाली एवं सूरज चंद्रवंशी द्वारा मौके पर पहुंचकर देखा गया कि कुछ लोगों द्वारा 04 नग बछड़ों को जोड़ी में बांधकर बुरी तरह पीटते हुए ले जाया जा रहा था और इसकी जानकारी पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने इन व्यक्तियों को रोककर जानकारी ली गई तो उन्होने अपना नाम दिलीप धुर्वे पिता मुंशी धुर्वे आयु 36 वर्ष, निवासी ग्राम छेरकीकछार, थाना भोरमदेव, जिला कबीरधाम, महेश मरकाम पिता केहर सिंह आयु 26 वर्ष, निवासी ग्राम लोरी जामगांव, थाना मोतीनाला, जिला मंडला, अनीराम धुर्वे पिता मोहन सिंह धुर्वे आयु 21 वर्ष, निवासी ग्राम छेरकीकछार, थाना भोरमदेव, जिला कबीरधाम, दिनेश मरकाम पिता शेर सिंह आयु 21 वर्ष, निवासी ग्राम लोरी जामगांव, थाना मोतीनाला, जिला मंडला, आशीष मरकाम पिता मंगल सिंह आयु 20 वर्ष, निवासी ग्राम लोरी जामगांव, थाना मोतीनाला, जिला मंडला तथा गजकमार धर्ते पिता लालटास बैगा रम आयु 22 वर्ष निवासी लोरी जामगांव, थाना मोतीनाला, जिला मंडला बताया। इनमें से किसी के पास भी मवेशियों की खरीदी बिक्री से संबंधित कोई दस्तावेज मौजूद नहीं था। जिसके बाद पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 04 नग बछड़ों को जप्त कर लिया तथा पशुओं को तत्काल पशु चिकित्सक से परीक्षण कराया गया, जिसमें उन्हें भूखे-प्यासे एवं पीड़ित अवस्था में होना पाया गया। आरोपियों के खिलाफ पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 की धारा 11 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्यवाही की गई। इस कार्यवाही में गौरक्षक दल की सक्रिय भूमिका रही।

# बीते नौ माह में 3134 वाहन चालकों पर की गई कार्रवाई 19 लाख 10 हजार रुपए के कटे चालान

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

यातायात विभाग द्वारा सड़कों पर तेज रफ्तार, काली फिल्म लगी गाड़ियां, शराब पीकर ड्राइविंग और तेज आवाज में ध्वनि विस्तारक यंत्र लगाने वालों पर लगातार कार्यवाही की जा रही है।

विभागीय जानकारी के मुताबिक पिछले 9 महिनो में 18 जुलाई 2024 से 30 अप्रैल 2025 तक कबीरधाम जिले में इंटरसेप्टर वाहन से की गई कार्रवाई में कुल 3134 प्रकरण दर्ज किए गए हैं। जिनमें चलानी समन शुल्क के रूप में पुलिस ने 19 लाख 10749 रुपए की वसूल की है यह आंकड़ा यह भी बताता है कि जिले की सड़कों पर लापरवाही और मनमानी करने वालों पर अब सख्त



निगरानी किया जा रहा है। सबसे अधिक कार्यवाही तेज गति से वाहन चलाने वालों के खिलाफ किया गया है। टोटल 501 वाहन चालकों को स्पीड लिमिट पर करने के कारण रोका गया और उन पर 5 लाख 5000 का जुर्माना लगाया गया है। वही शराब पीकर वाहन चलाने वाले के मामले में भी 33 वाहन चालकों पर कड़ी कार्वाई हुई है जिसे 330000 वसूल किए गए हैं।

यातायात प्रभारी अजयकांत तिवारी ने नागरिकों से अपील की है कि वह स्वयं भी यातायात नियमों का पालन करें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा सड़क पर जिम्मेदारी से चलना और नागरिक का कर्तव्य है यह केवल चालान भरने या पुलिस की कार्यवाही से बचने का विषय नहीं बल्कि खुद की और दूसरों को जिंदगी की सुरक्षा का सवाल है। उन्होने कहा कि हमारा प्रयास यही रहेगा की दुर्घटनाओं की संभावनाएं शून्य हो आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।

# शिक्षक सांझा मंच ने संभागायुक्त एवं संयुक्त संचालक को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

शिक्षक साझा मंच के बैनर तले एकजुट शिक्षकों ने प्रदेशभर में किए गए मनमानीपूर्ण युक्तियुक्तकरण को तत्काल निरस्त करने सहित चार सूत्रीय मांगों को लेकर दुर्ग संभागायुक्त एवं संयुक्त संचालक शिक्षा को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। एक दिवसीय संभाग स्तरीय कार्यक्रम में जिला संचालक रमेश चन्द्रवंशी के नेतृत्व में जिले के कई शिक्षकगण शामिल हुए। संभाग के सभी जिले से आए शिक्षक ज्ञापन सौंपने से पहले अपरान्ह 12 बजे जेडी कार्यालय दुर्ग के पास एकत्र हुए। तत्पश्चात चार सूत्रीय मांगों युक्तियुक्तकरण निरस्त कर 2008 का सेटअप पालन करने, पूर्व सेवा की गणना कर पुरानी पेंशन व अन्य लाभ देने, हाई कोर्ट के डबल बैंच के निर्णय अनुसार क्रमोन्नति व समयमान वेतनमान के लिए जनरल आर्डर जारी करने एवं पदोन्नति में बीएड की अनिवार्यता समाप्त करने की मांग का ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान जिले से साझा मंच के जिला संचालक रमेश चन्द्रवंशी, वकील बेग मिर्जा, गोकुल जायसवाल, उमेश चन्द्रवंशी, भानू मिश्रा, देवानंद चन्द्रवंशी, नरेंद्र चंद्रोल, जयप्रकाश चन्द्रवंशी, भेषज मिश्रा, चिंता पटेल, जयप्रकाश तिवारी, आशाराम साहू, पुरषोत्तम ध्रुव, रामविलास पोर्ते, ओमप्रकाश धुर्वे आदि उपस्थित थे।




# गांव में मशीनो से मनरेगा का निर्माण कार्य कराए जाने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶रेंगाखार कला

जिले के विकासखण्ड बोड़ला अंतर्गत ग्राम पंचायत तितरी में शासन द्वारा मनरेगा तथा 15 वें वित्त के तहत तालाब निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई है। लेकिन आरोप है कि संबंधित कार्य ऐजेंसी द्वारा मनरेगा योजना के तहत स्वीकृत इस कार्य में मजदूरों को रोजगार का लाभ नहीं दिया जा रहा है बल्कि तालाब निर्माण का कार्य जेसीबी मशीन से कराया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक खुदाई कार्य जेसीबी मशीन से कर मिट्टी को भी ट्रैक्टर ट्राली में जेसीबी मशीन से ही भरा जा रहा है। बावजूद इसके मस्टर रोल भरा जा रहा है। ऐसे में इस बात की आशंका जताई जा रही है कि कार्य ऐजेंसी द्वारा मजदूरों के हक की राशि हड़पने के लिए इस कृत्य को अंजाम दिया जा रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से इस पूरे मामले की जांच कराए जाने की मांग की है। वहीं इस संबंध में ग्राम पंचायत तितरी के सरपंच प्रतिनिधि अनंतराम मेरावी ने बताया कि जेसीबी मशीन से 15 वें वित्त के तहत स्वीकृत कार्य को कराया जा रहा है।



# लोगों को किया जा रहा पौधा रोपण के लिए प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

नगर के पर्यावरण संरक्षण समिति के साथ नगर के निवासी शिक्षक जगन्नाथ तिवारी ने शुक्रवार को अपने सुपुत्र समर्थ तिवारी के 17 वें जन्मदिन के अवसर पर कुकदूर रोड स्थित वन विभाग परिसर में कोनाकार्पस का एक पौधा लगाया। पौधा रोपित कर लोगों को पौधारोपण व पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित किया तथा सभी लोगों से पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण करने तथा उनकी सुरक्षा करने की अपील की। उनके पुत्र समर्थ ने पिछले वर्ष अपने 16 वें जन्मदिन के अवसर पर समिति के साथ 16 पौधे रोपित किये थे। वे हर वर्ष समिति के साथ पौधा रोपित कर पर्यावरण को मजबूत करने का कार्य कर रहे हैं। इस दौरान समिति के मोहन सिंह राजपूत, अनुराग ठाकुर, गोविंद रजक, एसएल कुर्रे, हमीद खान उपस्थित थे। समिति ने सभी लोगों से अपने आने वाली पीढ़ी को सुरक्षित रखने व पर्यावरण संरक्षण के लिए विभिन्न अवसरों पर एक पौधा लगाकर अपनी स्मृतियों को मूर्त रूप प्रदान करने के लिए जन्मदिन, वैवाहिक वर्षगांठ, माता-पिता व परिवार के सदस्यों की स्मृति में पौधे लगाकर दिन को यादगार बनाने की अपील की है।

# बोड़ला में स्कूल विलय नीति के खिलाफ कांग्रेस ने किया विरोध प्रदर्शन

आरोपः सरकार की नीति शिक्षा विरोधी और बालिका शिक्षा के लिए बाधक



हरिभूमि न्यूज ▶▶बोड़ला

छत्तीसगढ़ सरकार की युक्तियुक्तिकरण नीति (स्कूलों के एकीकरण) के खिलाफ ब्लाक कांग्रेस कमेटी बोड़ला ने शुक्रवार को जोरदार विरोध प्रदर्शन करते हुए राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इसे ग्रामीण शिक्षा व्यवस्था पर सीधा हमला बताते हुए नीति को अविलंब वापस लेने की मांग की। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पीतांबर वर्मा के नेतृत्व में हुए इस विरोध प्रदर्शन में कार्यकर्ताओं ने बोड़ला ब्लॉक मुख्यालय के सामने प्रदर्शन कर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और इस नीति को शिक्षा विरोधी, ग्रामीण विरोधी और बालिका शिक्षा के लिए बाधक बताया। पीतांबर वर्मा ने कहा कि सरकार की युक्तियुक्तिकरण नीति से बोड़ला जैसे सुदूर वनांचल क्षेत्रों में स्कूल बंद हो रहे हैं। इससे बच्चों को शिक्षा से वंचित होना पड़ेगा और बालिकाओं की पढ़ाई बाधित होगी। कार्यकर्ताओं ने भी अपने संबोधन में कहा कि बिना नई शिक्षक भर्ती, स्कूल भवन निर्माण और ट्रांसपोर्ट की व्यवस्था के स्कूलों का एकीकरण ग्रामीणों पर अन्याय है। उन्होंने कहा कि इस फैसले से न सिर्फ शिक्षकों और छात्रों को नुकसान होगा, बल्कि रसोइया, सहायिका, शिक्षा प्रेरक और अन्य सहायक स्टाफ का भी रोजगार छिनेगा। विष्णु देव साय की सरकार के कामकाज की आलोचना करते हुए कांग्रसियों ने इसे शिक्षा के प्रति सरकार की जनविरोधी सोच को बयां करने वाला बताया। कांग्रेसियों ने कहा कि भाजपा सरकार ऐसे कैसे समाज विरोधी जन विरोधी कार्य कर रही है, कांग्रेस पार्टी इस विषय को लेकर गांव से लेकर ब्लाक व जिला से लेकर राज्य स्तर तक विरोध करेगी। धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में मुख्य रूप से पीतांबर वर्मा, डाकोर चंद्रवंशी, शिव वर्मा, छवि वर्मा, रामचरण साहू, बंटी खान, नारद चंद्रवंशी, मुकनी निर्मलकर, अमित वर्मा, अमन वर्मा, सूरज वर्मा, प्रवीण वर्मा, मनोज राजेंद्र साहू, राधे जायसवाल, जलील खान, जयचंद वर्मा, श्याम मशराम, धनराज वर्मा, परमेश्वर मानिकपुरी, जलेश धुर्वे, पूरण मानिकपुरी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

धरना प्रदर्शन के बाद ब्लाक कांग्रेस कमेटी बोड़ला के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने मुख्य रूप से युक्तियुक्तिकरण नीति को तत्काल प्रभाव से रोके जाने, प्रत्येक गांव में पूर्ववत स्कूल संचालित किए जाने, सभी रिक्त पदों पर शिक्षकों की भर्ती किए जाने, ग्रामीण क्षेत्रों में छात्र परिवहन की समुचित व्यवस्था किए जाने की मांग को लेकर प्रदेश के राज्यपाल के नाम स्थानीय प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पीताम्बर वर्मा ने कहा कि यह विरोध प्रदर्शन जिलेभर में कांग्रेस की उस रणनीति का हिस्सा है, जिसके तहत युक्तियुक्तिकरण नीति को जनविरोधी बताते हुए राज्यव्यापी आंदोलन का ऐलान किया गया है।

बोड़ला विकासखंड के नेऊरगांव कला पंचायत में आयोजित किया गया कार्यक्रम

# विकसित कृषि संकल्प अभियानः किसानों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶बोड़ला

जिले में किसानों की आय बढ़ाने और खेती को लाभकारी बनाने के उद्देश्य से 29 मई से 12 जून तक विकसित कृषि संकल्प अभियान चलाया गया। इसी कड़ी में बोड़ला विकासखंड के ग्राम पंचायत नेऊरगांव कला में कृषि एवं समवर्गी विभाग के तत्वावधान में कृषि रथ पहुंचा। जिसके माध्यम से वैज्ञानिकों की टीम ने किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों, आधुनिक उपकरणों और शासन की योजनाओं की जानकारी दी। वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी विरेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि इस अभियान के दौरान खरीफ सीजन की प्रमुख फसलों के लिए उन्नत खेती के तौर-तरीकों, मृदा स्वास्थ्य कार्ड के अनुसार फसल चयन और संतुलित खादों के उपयोग की विस्तृत जानकारी देने के साथ-साथ किसानों के अनुभव, नवाचारों और फीडबैक के आधार पर कृषि अनुसंधान की दिशा तय की जा रही है। श्री यादव ने आगे बताया कि कबीरधाम जिले में इस अभियान के क्रियान्वयन के लिए तीन विशेष टीमें बनाई गई हैं। ये टीमें प्रतिदिन 6-6 ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित कर किसानों से सीधा संवाद कर रही है। प्रत्येक टीम में आईसीएआर, कृषि विज्ञान केन्द्र, कृषि, पशुपालन, उद्यानिकी एवं मत्स्य विभाग के अधिकारी, जनप्रतिनिधि, प्रगतिशील किसान, एफपीओ एवं एफआईजी प्रतिनिधि शामिल है। इन शिविरों में वैज्ञानिकों द्वारा प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने, कृषि ड्रोन प्रौद्योगिकी का उपयोग, धान की सीधी बुवाई, सोयाबीन में उन्नत फसल तकनीक, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, बीज व उर्वरक उपयोग की जानकारी दी गई। साथ ही आईसीटी माध्यमों से किसानों को जागरूक किया गया। इस समावेशी प्रयास से जिले के कृषकों को जागरूक, प्रशिक्षित और तकनीकी रूप से सक्षम बनाकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सशक्त पहल की जा रही है। विकसित कृषि संकल्प अभियान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद पंचायत बोड़ला के उपाध्यक्ष नंद श्रीवास, कृषि स्थाई सभापति नरेश साहू, ग्राम पंचायत खैरबनाकला के सरपंच, उपसरपंच, विरेन्द्र कुमार यादव वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, बालबृन्द परिहार कृषि वैज्ञानिक, पंकज दिल्लीवार कृषि विकास अधिकारी, आकाश डड़सेना उद्यान अधीक्षक, निलेश चंद्रवंशी मत्स्य निरीक्षक, एसएल कुर्रे, सहित विभागीय अधिकारी कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में क्षेत्र के कृषक उपस्थित थे।



# जिले की दो नवाचारी शिक्षिका शीतल बैस और चंदा सिन्हा का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

छत्तीसगढ़ राज्य के अलग अलग जिलों के 36 सक्रिय और नवाचारी शिक्षकों की शैक्षिक गतिविधियों पर आधारित नवाचारी क्रियाकलापों की पुस्तक उदीम - सीखने सिखाने का एक प्रयास का विमोचन व लेखक शिक्षकों का रायपुर के वृन्दावन हाल में गरिमामय समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह में बेमेतरा जिले की दो नवाचारी शिक्षिकाओं एवं लेखिका, नवागढ़ विकासखंड के शासकीय प्राथमिक शाला मगरघटा की नवाचारी शिक्षिका शीतल बैस एवं साजा विकासखंड के शासकीय प्राथमिक शाला बीजागोड़ की नवाचारी शिक्षिका चंदा सिन्हा का अतिथियों ने सम्मान किया। विमोचन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सुनील सोनी पूर्व सांसद व विधायक रायपुर दक्षिण उपस्थित थे। मुख्य अतिथि सुनील सोनी विधायक ने कहा कि नवाचारी गतिविधियों आधारित पुस्तक /"उदीम/" में बालवाडी स्तर से लेकर माध्यमिक स्तर तक के बच्चों को अंक, अक्षर व मात्रा ज्ञान, भाषायी कौशल, गणितीय कौशल, विज्ञान के सरल प्रयोगों के माध्यम से विज्ञान को रुचिकर बनाने, अनुपयोगी व कबाड़ के वस्तुओं से उपयोगी व सजावटी वस्तु निर्माण की कला, बांस कला, मिट्टी कला,



प्रिंट रिच वातावरण, खेल खेल में शिक्षा, वातावरण को हरितम समृध्द करने पर्यावरणीय शिक्षा, पूर्व व्यावसायिक शिक्षा आदि पर रोचक तरीके से गतिविधियों को शामिल किया गया है। जिसके द्वारा बच्चों को एक आनंददायी वातावरण में अपेक्षित अधिगम लक्ष्य प्राप्ति की ओर ले जाया जा सकता है। यह पुस्तक बच्चों को नए सत्र में विद्यालय एवं पढ़ाई से जोड़ने में सहायक सिद्ध होगा। पुस्तक का संयोजन शिक्षक लोकेश कुमार वर्मा एवं संपादन शिक्षिका भारती वर्मा व सह संपादन व्याख्याता सईदा खान के द्वारा किया गया है।इस अवसर पर नवाचारी शिक्षिका शीतल बैस ने कहा कि उदीम - यह शब्द मात्र एक प्रयास भर नहीं, बल्कि उस जीजीविषा का प्रतीक है, जो शिक्षण को शुष्क अनुदेशन से जीवंत अधिगम की ओर ले जाती है। यह संकल्पना उस शिक्षा-दृष्टि का विस्तार है, जिसमें बालक केवल विषय-वस्तु को रटता नहीं, अपितु उसे अनुभव करता है, समझता है, और अपनी सोच में आत्मसात करता है।

### उदीम एक अनुपम संग्रह

नवाचारी गतिविधियों से भरपूर पत्रिका उदीम सीखने सिखाने का प्रयास प्रदेश के 36 शिक्षकों की नवाचारी गतिविधियों का एक अनुपम संग्रह है। जिसके द्वारा बच्चों को एक आनंददायी माहौल में खेल खेल में बच्चों को अधिगम लक्ष्य की प्राप्ति कराना है। यह पुस्तक बच्चों को नए सत्र में विद्यालय एवं पढ़ाई से जोड़ने में सहायक सिद्ध होगी। नवाचारी शिक्षिका चंदा सिन्हा ने कहा कि नवाचारी शिक्षकों द्वारा प्रस्तुत यह गतिविधि आधारित पुस्तक /"उदीम/", न केवल उनके शैक्षणिक नवाचारों की सहज परिणति है, वरन राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की सक्रिय, भागीदारीपूर्ण एवं समावेशी शिक्षा की भावना को मूर्त रूप देने की एक सराहनीय पहल है। यह पुस्तक कक्षा-कक्ष को प्रयोगशाला में परिवर्तित करने की क्षमता रखती है जहाँ शिक्षक मार्गदर्शक है, छात्र सह-अन्वेषक है, और अधिगम एक गतिशील यात्रा है। इस अवसर पर पूरे राज्य भर से आए हुए 36 नवाचारी शिक्षक शिक्षिकाएं और अधिकारी लेखक गण उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### संत कबीर जयंती पर वोरा ने किया श्रद्धासुमन अर्पित

दुर्ग। अद्भुत समाज सुधारक, महान संत कबीरदास जी की जयंती के अवसर पर आज कुशाभाऊ ठाकरे भवन, दुर्ग में माणिकपुरी समाज द्वारा दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता अरुण वोरा ने समारोह में उपस्थित होकर संत कबीर साहेब जी को कोटिशः नमन किया। वोरा ने साहेब बंदगी के जयघोष के साथ समाजजनों के बीच संत कबीर जी के विचारों को आत्मसात करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि "जात-पात के बंधनों से ऊपर उठकर मानवता की सेवा" संत कबीर साहेब का यह संदेश आज भी उतना ही प्रासंगिक है और समाज को प्रेम, भाईचारा व समरसता की ओर ले जाने वाला है। कार्यक्रम में अरुण वोरा ने प्रसाद वितरण में सहभागिता भी निभाई और समाज के वरिष्ठजनों से आत्मीय संवाद किया। उन्होंने कहा कि, संत कबीरदास जी के 'सबद' और 'साखियां' समाज को जागरूक करने का कार्य करती हैं और आज के समय में उनके जीवन दर्शन को आत्मसात करना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

### कामरेड अल्ट्रा मैराथन के फिनिशर बने उमेश

राजनांदगांव। साउथ अफ्रीका में आयोजित कॉमरेड अल्ट्रा मैराथन में शहर के उमेश काकिरवार ने 90 किलोमीटर की रेस 11 घंटे 42 मिनट में पूरी कर प्रदेश का पहला कॉमरेडस अल्ट्रा मैराथन फिनिशर होने का गौरव हासिल कर लिया है। राजनांदगांव रनर्स की टीम ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करते उक्त जानकारी दी। प्रेस कान्फ्रेंस के दौरान उमेश काकिरवार ने बताया कि बीते 8 जून को यह कॉमरेडस अल्ट्रा मैराथन दक्षिण अफ्रीका में आयोजित की गई थी। जिसमें 60 देश के 26 हजार से अधिक लोगों ने हिस्सा लिया था। उन्होंने बताया कि इस मैराथन में वह छत्तीसगढ़ प्रदेश से अकेले धावक थे। इस मैराथन में 90 किलोमीटर दौड़ पूरी करनी थी, जिसे उन्होंने 90 किलोमीटर की दौड़ 11 घंटे 42 मिनट 37 सेकंड में पूरी की।

### आज से पांच सौ स्कूल बसों की होगी जांच

दुर्ग। सर्वोच्च न्यायालय नई दिल्ली के निर्देशानुसार यातायात नियमों के उल्लंघन करने वालों चालकों पर परिवहन विभाग द्वारा कार्यवाही करते हुए उनके चालक लायसेंस को निलंबन किया गया है। यातायात नियमों का उल्लघंन करने वाले चालकों पर यातायात विभाग, पुलिस विभाग द्वारा कार्यवाही करते हुए परिवहन विभाग को मोटरयान अधिनियम में उल्लेखित प्रावधानों के अध्ययधीन यातायात नियमों का उल्लंघन पर कड़ी कार्यवाही की गई है। साथ ही उनके चालक लायसेंस को आगामी 3 माह के लिए निंलबित किया गया है। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी के अनुसार प्रमुख रूप से दुर्घटनावश मृत्यु 2, नशे में गाड़ी चलाना 53, तेज़ गति 68, लाल बत्ती पार करना 9, मोबाइल फ़ोन का इस्तेमाल 35, बिना हेलमेट 15 और अन्य 27 चालक शामिल है।




## खेती किसानी के पहले ही चिंता में डूबे किसान, दे रहे विकल्प की सलाह

# बोआई से पहले पहुंची नाममात्र की डीएपी, सब बंट गए, सोसायटी खाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

*खेती किसानी के शुरूआती दौर में ही जितना डीएपी का कोटा जिले को मिला, सब बांट दिए गए है। हालात यह है कि, वर्तमान में सोसायटियों के दाम खाली हो गए है। वही किसान सोसायटियों से मासूय लौट रहे है। किसानों को यह भी नही बताया जा रहा है कि, फिर से डीएपी खाद पहुंचेगा या नही, ऐसी स्थिति में किसानो के सामने संकट की स्थिति निर्मित हो गई है।*

जानकारी अनुसार पिछले साल 14915 टन डीएपी का वितरण जिले में किसानों को किया गया था। जबकि इस बार डिमांड घटा दिया गया है। इस बार सिर्फ 5267 टन डीएपी भंडारण का टारगेट रखा गया है। बहरहाल डिमांड के अनुसार डीएपी का भंडारण होने के बाद वितरण भी हो चुका है। वर्तमान में सोसायटी में डीएपी खाद की जबरदस्त शार्टेज की स्थिति निर्मित हो गई है। जिले के ग्रामीण इलाकों में इन दिनों डीएपी (डाई-अमोनियम फॉस्फेट) खाद की भारी कमी देखी जा रही है। खरीफ सीजन की शुरुआत से पहले ही किसान खेतों की तैयारी में जुटे हुए हैं, लेकिन खाद की अनुपलब्धता ने उनकी मुश्किलें बढ़ा दी हैं। शुरूआत में डीएपी खाद का उपयोग जरूरी होता है। लेकिन सोसायटियों में इसकी उपलब्धता नहीं होने से किसान परेशान हैं। कुछ क्षेत्रों में लंबी कतारों के बावजूद खाद नहीं मिल पा रहा है, जिससे आक्रोश बढ़ता जा रहा है।



### मिल रही सोसायटी से सिर्फ नगदी राशि

सोसायटी में रकबा के लिमिट अनुसार चालीस फीसदी खाद वितरित किया जाता है। लेकिन खाद तो नही किसान साठ फीसदी नगद कर्ज लेकर लौट रहे है। जानकारी अनुसार जिले में 80 फीसदी किसानों को अभी भी डीएपी खाद नही मिल पाई है। राज्य शासन के कृषि महकमा द्वारा डीएपी खाद का शार्टेज अंतराष्ट्रीय स्तर पर बताकर टारगेट भी घटा दिया गया है। पिछले साल जिले में 14915 टन डीएपी का वितरण किया गया था। लेकिन इस बार आधे से भी कम टारगेट निर्धारित किए जाने से जिलेभर में डीएपी खाद पूरी तरह से ड्राई हो गया है। ग्राम अंचल के किसान राजेश नेताम ने बताया, "पिछले कई दिनों से सहकारी समिति और दुकानों के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन डीएपी खाद नहीं मिल रही। हमें बोवनी करनी है, लेकिन खाद के बिना खेती कैसे शुरू करें।

### खेती किसानी पिछड़ने की सता रही चिंता

कृषि विभाग के अधिकारियों का कहना है कि, राज्य स्तर से सीमित मात्रा में खाद की आपूर्ति हो रही है, जिसके कारण अस्थायी रूप से किल्लत बनी हुई है। कृषि विभाग के अफसरों का कहना है कि, जल्द ही नई खेप आने की खेप की डिमांड की जाएगी। किसानों ने आरोप लगाया है कि, कुछ स्थानों पर डीएपी खाद की कालाबाजारी हो रही है, जिससे स्थिति और बिगड़ रही है। यदि जल्द ही खाद उपलब्ध नहीं हुई, तो समय पर बोनी न होने से फसल उत्पादन पर बुरा असर पड़ सकता है।

### वितरण हो चुका

पिछले साल की अपेक्षा टारगेट कम किया गया है। अब तक जितना डीएपी का भंडारण किया गया था, उतना जिले में वितरण भी हो चुका है। शार्टेज जिले में नही बल्कि अंतराष्ट्रीय स्तर पर है।

**-भौमिक बघेल,** डीएमओ दुर्ग

### विकल्प में गुणवत्ता नहीं

डीएपी में फास्फोरस की मात्रा 46 प्रतिशत होती थी, जबकि सोसायटी में विकल्प के तौर पर बांटे जा रहे एनपीके में फास्फोरस सिर्फ 20 प्रतिशत है। इससे 30 प्रतिशत तक कम पैदावार होगा।

**-राकेश ठाकुर,** जिलाध्यक्ष ग्रामीण कांग्रेस पार्टी

### सहायक विकास विस्तार अधिकारी भर्ती परीक्षा 15 जून रविवार होगी

बेमेतरा। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा सहायक विकास विस्तार अधिकारी भर्ती परीक्षा का आयोजन 15 जून रविवार किया जा रहा है। जिसे प्रथम पाली में प्रातः 10 बजे से दोपहर 12:15 बजे तक किया जाएगा। इस परीक्षा में बेमेतरा जिले से कुल 5185 परीक्षार्थी शामिल होंगे। जिला प्रशासन द्वारा परीक्षा के सफल, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी संचालन के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। परीक्षार्थियों की सुविधा तथा परीक्षा केंद्रों पर सुव्यवस्थित व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से जिले में 19 परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए हैं। परीक्षा केंद्रों में बेमेतरा शहर के शासकीय पं. जवाहरलाल नेहरू विज्ञान एवं कला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, शासकीय लक्ष्मण प्रसाद वैद्य कन्या महाविद्यालय, शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय, ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल, सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, स्वामी आत्मानंद शिवलाल राठी अंग्रेजी माध्यम स्कूल प्रमुख रूप से शामिल हैं।

इसके अतिरिक्त बेरला, जेवरा, चोरभट्ठी, कठियां, बावामोहतरा, लोलेसरा, बहेरा (कुसमी) जैसे ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित विद्यालयों एवं महाविद्यालयों को भी परीक्षा केंद्र के रूप में चिन्हांकित किया गया है। इनमें शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज बेरला, शासकीय नवीन महाविद्यालय बेरला, कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय बेरला, प्रेरणा विद्यालय कठियां, शासकीय हाई स्कूल लोलेसरा, शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बावामोहतरा, पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय बहेरा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जेवरा व जेवरी तथा जिला परियोजना आजीविका महाविद्यालय चोरभट्टी शामिल हैं। परीक्षा में सम्मिलित होने वाले समस्त परीक्षार्थियों को उनके प्रवेश पत्र के साथ मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र जैसे आधार कार्ड, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस आदि अनिवार्य रूप से साथ लाना होगा। व्यापम द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार परीक्षा कक्ष में मोबाइल फोन, कैलकुलेटर, स्मार्टवॉच, ईयरफोन एवं किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण पूर्णतः प्रतिबंधित रहेंगे। परीक्षा केन्द्र में परीक्षार्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने से कम से कम एक घंटा पूर्व यानी प्रातः 9 बजे तक अनिवार्य रूप से उपस्थित होना होगा। विलंब से पहुंचने वाले परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

## दस क्विंटल चावल पकड़ाया सरकारी होने की आशंका



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

चावल की तस्करी करते हुए बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने पकडा है। अप्पे वाहन के जरिए सेक्टर छः से किसी शुभम जैन के यहां से लोड कर ले जाया जा रहा था। इस चावल को अंडा स्थित मीनाक्षी राईस मिल में ले जाने की जानकारी सामने आई है। चावल की खेप पकडे जाने के बाद फूड विभाग ने कार्यवाही शुरू कर दी है, वही सैंपल भी जब्त कर लिया गया है। आशंका जताई जा रही है कि, यह सरकारी राशन दुकान का चावल है। बहरहाल सैंपल लेकर जांच के लिए भेजा गया है। खाद विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार पुलगांव में बजरंग दल के कार्यकर्ताओं द्वारा दस क्विंटल चावल करीब बीस कट्टा पकडे जाने की सूचना मिली थी। जिसके बाद मौके पर खाद विभाग की टीम पहुंची। खाद निरीक्षक रेनू जांगडे ने बताया कि, वाहन नंबर सीजी 07सीए 2164 के वाहन चालक सनद यादव ने बताया कि, चावल सेक्टर छः स्थित शुभम जैन का है। जिसे लोड कर अंडा स्थित लक्ष्मी राईस मिल ले जा रहा था। इस तरह सरकारी राशन दुकानों के चावल को कस्टम मिलिंग के लिए खपाया जाने की लगातार शिकायत आ रही है। जिलेभर में पिछले लंबे समय से इस तरह की शिकायते भी सामने आई है।

- बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने पकड़ा वाहन, थाने में किया गया जप्त

### नान ने लिया मौके से सैंपल

फूड विभाग के अफसरों ने बताया कि, चावल को अंडा के लक्ष्मी राईस मिल में ले जाया जा रहा था। बहरहाल नागरिक आपूर्ति निगम के क्वालिटी इंस्पेक्टरों द्वारा सैंपल लेकर जांच के लिए भेजा गया है। खाद नियंत्रक श्री अतरी ने बताया कि, रिपोर्ट आने के बाद स्पष्ट होगा कि, चावल सरकारी हैं या नहीं।

### बेरोजगारों को व्यवसाय शुरू करने दिया जाएगा ऋण

दुर्ग। जिले के बेरोजगारों को खुद का व्यवसाय शुरू करने जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति मर्या. दुर्ग द्वारा आवेदन आमंत्रित किया गया है, जिसमें अनुसूचित जाति और जनजाति वर्ग अंतर्गत बैंक प्रवर्तित अंत्योदय स्वरोजगार योजना एवं आदिवासी स्वरोजगार योजना का लाभ दिया जाएगा। इस योजना के अंतर्गत छोटे-छोटे व्यवसायियों को अंत्योदय स्वरोजगार योजना अंतर्गत अनुसूचित जाति वर्ग एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के शिक्षित बेरोजगारों को बैंक के माध्यम से ऋण प्रदाय कर उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार किया जा सकेगा। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति दुर्ग से मिली जानकारी के अनुसार आवेदक किसी भी प्रकार का वैध व्यवसाय जैसे खोमचे, पान दुकान, मोटर सायकिल रिपेयरिंग, टेलरिंग, सिलाई मशीन, मोची दुकान, गुपचुप ठेला, सब्जी धंधा आदि छोटे-छोटे व्यवसाय संचालित करने हेतु अंत्योदय एवं आदिवासी योजनान्तर्गत ऋण हेतु आवेदन कर सकते है।

## केंद्रीय निदेशक अग्रवाल ने जल संरक्षण संबंधी कार्यों का किया स्थल निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- जिले में जल शक्ति अभियान की समीक्षा की गई

जल संरक्षण और जल प्रबंधन को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे जल शक्ति अभियान के अंतर्गत भारत सरकार के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्रालय के निदेशक अमित कुमार अग्रवाल 12 जून से बेमेतरा जिले का तीन दिवसीय दौरा पर है । उनके साथ वैज्ञानिक सर्वोदय बारीक भी मौजूद थे। इस दौरान श्री अग्रवाल ने जिले में जल संरक्षण से जुड़े विभिन्न कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर योजनाओं की प्रगति की गहन समीक्षा की।



दौरे की शुरुआत जिला जल शक्ति केंद्र में आयोजित अंतर्विभागीय समीक्षा बैठक से हुई, जिसमें संबंधित विभागों के अधिकारियों ने जल संरक्षण योजनाओं की जानकारी दी। इसके उपरांत श्री अग्रवाल ने खण्डसरा से सिंगपुर तक परकोलेशन टैंक, रामपुर में तालाब गहरीकरण, कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा विकसित ब्लॉक प्लांटेशन, कृषि विभाग द्वारा निर्मित चेकडेम, समुंदवारा ग्राम में अमृत सरोवर तथा खाती और बैहरसरी ग्राम के एनीकट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने इन परियोजनाओं की भौगोलिक स्थिति, निर्माण की गुणवत्ता तथा समुदाय के हित में उनकी उपयोगिता पर विशेष ध्यान दिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जल संसाधनों का दीर्घकालिक संरक्षण सुनिश्चित करने हेतु इन कार्यों की नियमित निगरानी की जाए तथा समुदाय की भागीदारी को प्रोत्साहित किया जाए। श्री अग्रवाल ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा नेकासपुर (नवागढ़) एवं साजा विकासखंड के कार्यों का अवलोकन किया। नल-जल योजना के अंतर्गत ग्रामीण घरों में पानी की आपूर्ति की स्थिति का जायजा लेते हुए उन्होंने स्थानीय महिलाओं से संवाद भी किया। उन्होंने महिलाओं को जल बचत, रेनवाटर हार्वेस्टिंग, रिचार्ज पिट निर्माण एवं वर्षा जल संचयन जैसे उपाय अपनाने के लिए प्रेरित किया।

निरीक्षण के दौरान जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता एवं जल शक्ति अभियान के नोडल अधिकारी चंद्रशेखर शिवहरे, पीएचई विभाग के जगदीश कुमार गोड़ सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## गुरु हरगोबिंद साहेब के प्रकाश पर्व पर चिकित्सा शिविर हुआ



- सिख समाज के नि :शुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर से 60 लाभान्वित

बेमेतरा। गुरु हरगोबिंद साहेब के प्रकाश पर्व की खुशी में सिख समाज बेमेतरा द्वारा गुरुद्वारा गुरु सिंघ सभा परिसर में एक दिवसीय निःशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सिख समाज के साथ-साथ अन्य समाज के लोगों ने भी भाग लिया और अपने स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की जांच करवाई।

शिविर में डॉ. विनय साहू द्वारा सेवाएं दी गईं। उन्होंने बताया कि शिविर में एलर्जी, वात, त्वचा रोग, फंगल इंफेक्शन, कमर दर्द और सिर दर्द जैसी समस्याओं से पीड़ित मरीजों का इलाज किया गया। उन्होंने कहा कि होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति का प्रभाव लंबे समय तक रहता है और इसका कोई साइड इफेक्ट नहीं होता।

सिख समाज के प्रमुख गुरदयाल सिंह चावला ने बताया कि शिविर में करीब 60 लोगों ने पंजीयन कर इसका लाभ उठाया। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि आगामी समय में समाज की ओर से एक बड़े मेडिकल कैंप का आयोजन किया जाएगा ताकि अधिक से अधिक लोगों को लाभ मिल सके।

इस अवसर पर सिख समाज के अध्यक्ष गुरदयाल सिंह चावला, मंजीत सिंह सलूजा, जसवीर गुंबर, अनिल छाबड़ा, प्रीतपाल छाबड़ा, जगजीत सिंह तथा महिला विंग से लक्ष्मी सलूजा सहित समाज के अन्य सदस्यों ने शिविर को सफल बनाने में सक्रिय योगदान दिया।

### जिला कोसरिया यादव समाज की बैठक 15 को

राजनांदगांव। जिला कोसरिया यादव महासभा राजनांदगांव की विशेष सामाजिक बैठक 15 जून को जिला मुख्यालय कौरिनभाठा राजनांदगांव में सुबह 11 बजे से जिला अध्यक्ष कंसुराम यादव की अध्यक्षता में आयोजित है। बैठक में जिला, तहसील व सर्किल प्रमुखों के साथ युवा एवं महिला मंडल के अध्यक्ष एवं सचिवों की उपस्थिति अनिवार्य है।

